The BJP's ideological framework is rooted in the principles of nationalism, cultural identity, and self-reliance. Unlike many political parties that emerged directly from India's freedom struggle, the BJP built a clearer ideological identity, emphasizing the idea of a culturally unified india. This foundation helped the party develop a narrative appealing to large sections of the population, particularly those who felt culturally or politically unheard.

The rise of the BJP in the 1990s was shaped by major political and social developments, including economic liberalization and the Ram Mandir movement. Yet, a critical and often less-discussed factor behind its success is organizational discipline. The BJP established a highly structured cadre network, invested in systematic training, and promoted decision-making based on research and grassroots feedback. This helped it expand across regions where it previously had little presence.

The turning point came in 2014 with the leadership of Narendra Modi, who reshaped the party's public image and governance narrative. His model emphasized strong leadership, rapid decision-making, and developmental initiatives. Policies such as Digital India, Make in India, Swachh Bharat Mission, GST, Ujjwala Yojana, and the Direct Benefit Transfer system sought to modernize the economy and improve welfare distribution. Additionally, a focus on national security and global diplomacy boosted India's international profile.

Another defining aspect of BJP's strategy has been its pioneering use of technology and digital communication. The party transformed election campaigning through data-driven outreach, large-scale social media mobilization, and emotional story telling. This introduced a new era of political communication in India, making technology and narrative control central to electoral success.

Beyond electoral politics, the BJP has had significant cultural influence. It has brought historical debates, national pride, and identity into mainstream public discourse. Supporters view this as an effort to correct historical neglect and build unity, while critics argue that such politics may deepen social divisions. The party often faces criticism for issues like over-centralization, weakening opposition space, and concerns around freedom of expression. Supporters respond by saying that strong leadership and stability are necessary for development and national progress.

Looking ahead, the BJP's biggest challenge will be sustaining its popularity while addressing rising expectations related to employment, economic growth, and social balance. India's demographic youth advantage make this even more crucial. Whether the BJP continues its dominance or evolves into a new phase remains a defining question for India's future.

In conclusion, the BJP is more than a political party—it is a transformational movement that has reshape Indian politics, governance, and national identity. Its influence, achievements, and controversies together make it one of the most significant forces in contemporary Indian history!

Saksham Pabuch
Class B.A. 2nd Year

AI in Education: Help or Threat?

Artificial Intelligence, commonly known as AI, has become one of the most powerful inventions of the modern world. From smartphones to online shopping, AI is everywhere. In recent years, it has also entered the field of education. Students now use AI tools for learning, research, writing, and problem-solving. This rapid growth raises an important question: Is Al in education a help or a threat. ?

On one hand, if has made learning easier and more accessible. Students can now study anytime, anywhere with the help of AI-powered applications. Online platforms provide instant explanations, summaries, and practice questions. For students who hesitate to ask questions in Class, AI acts like a patient teacher who never gets tired. It helps slow learners understand topics at their own pace and supports fast learner by giving advanced material. AI is also helpful for teachers.

It can check assignments, analyze student performance, and identity learning gaps. This saves time and allows teachers to focus more on teaching and monitoring. In remote or understaffed colleges, Al based Learning tools can provide academic support where teachers are not available In this way, AI acts as a strong support system in education.

However, despite its advantages, AI also brings serious concerns. One of the biggest threat is over dependence. Many students now really on AI for homework, essays, and even exam preparation.

Instead of thinking critically, they copy, answers generated by machines. This habit weakness creativity, original thinking, and writing skills. Education is not only about getting answers but about understanding concepts, and AI can sometimes reduce this process.

Another major issue is academic dishonesty, With AI tools, it has become easier to cheat or submit work that is not truly one's own. This create an unfair environment and lowers the value af education. If students depend too much on AI, they may score well in exams but lack real knowledge and skills in practical life.

There is also the fear that AI may replace teachers in the future. While AI can assist in teaching, it can never replace the human connection between a teacher and a student. Teachers understand emotions, motivate students, and guide them morally - some - thing AI cannot do. Education is not just about information; it is about values, discipline, and personal growth.

Another concern is inequality. Not all students have access to advanced technology or the internet. If education becomes too dependent on AI, it may increase the gab between privileged and underprivileged students. Those without digital access may fall further behind. Despite these threats, the Meal problem is not AI itself, but how it is used. AI is a tool, not a teacher When used wisely it can improve educations when misused, it can harm learning. Students must learn to use AI as a guide, not a shortcut. Teachers and institutions should set clear rules and promote ethical use of technology.

In conclusion, Al in education is both a help and a threat. It helps by making learning smarter, faster, and more accessible. It becomes a threat when it replaces effort, honesty, and critical thinking. The Future af education depends on balance. If AI is used responsibly it can become one of the greatest helpers in learning. But if overuse or misused, it may weaken the true purpose of education.

Therefore, AI should support education, not control it.
AI should assist our learning, not replace our thinking.

Neha Class
BA IIIrd year

Importance of the English Language

English is one of the most widely spoken language in the world. It plays an importance role in education. In today's modern world, English has become a link language that connect people from different countries and cultures.

English is the main language of higher education, science, technology and international business.

Many books, research papers and online resources are available in English. Students who know English well can access better educational opportunities and gain knowledge from around the world. It also helps them perform well in competitive exams and build successful careers.

The additional, English improves communication at the global level. People from different nations use English to share ideas culture, and information. It promotes understanding and cooperation among counties. In fields like tourism, aviation, diplomacy and media, English is widely used.

Moreover, learning English helps in personal development. It builds confidence, improves thinking skills and enhances personality. It also opens doors to better job opportunities as many companies prefer employees who can communicate effectively in English.

In conclusion, English is not just a language but a powerful tool for growth and success. Learning and using English properly can help individuals achieve their goals and connect with the worlds.

Muskan Saini
BA 1st year
Roll no - 4515

Between Bells and Dreams

Between bells that ring too early
and nights that end too late,
we learn more in corridors
than in books we annotate.
Friendships grow over cold tea,
dreams whisper in dusty rooms,
failure teaches quietly
while hope rehearses its blooms.
College is not just a place we pass-
it's where we lose fear, find our voice,
and walk out carrying unfinished dreams
we finally chose.

Sushant Sharma
BA 2nd Year
Roll No. 04530

Uniform Civil Code (UCC)

*One law, not to erase out names, But to give equal weight to every claim.
Different payers, different ways, yet justice walks a single lane.

*Not stitched from loan, nor forced decree, But woven from shared dignity. Where rights don't bend with birth or belief.

*Uniform not in thought or soul. But in the promise mode whole.

Minakshi
BA IIIrd year
Roll No.

Steps in Effective Problem - Solving.

1. Identify the Problem
2. Analyze the Problem
3. Generate Possible solution
4. Evaluate alternatives
5. Choose the best solution
6. Implement the solution
7. Review the results.

Role a Critical Thinking
Critical thinking helps individuals analyze information objectively, question assumptions and evaluate evidence before reaching conclusions.

Role of Decision - making
Decision-making involves selecting the most appropriate solution after considering risks, benefits and outcomes.

Conclusion: Problem solving supported by critical thinking and sound decision making, enables individuals to handle complex Challenges effectively in both academic and professional environments.

Neha Class
BA IIIrd year

The God of New Beginnings

One of the most comforting aspects of the divine is the promise of new beginnings. Regardless of our past mistakes, shortcomings or flaws. We are offered a fresh start every time we chose to come back to a place of humanity and intention.

This isn't about rigid adherence to a long list of rules, but about a relationship. It's an invitation to lay down our burdened, our angers and our self-reliance and accept a strength that is not our own. The God of the universe yearns for us to come to him offering merely, inspiring and cleansing.

Tarandeep Kaur
BA Ist year
Roll no - 06539

"It will happen by doing, not by thinking"

Thinking is important, but action is more powerful. Many people Keep dreaming & Planning. But they never take the first step. If you want to improve yourself & develop your personality, You must Start doing, not just thinking.

Every great achievement in the world happened because someone decide to act. Action builds confidence, teaches lessons and brings real progress. Over thinking creates fear, but doing creates experience. If you want to be fit, start exercising. If you want to be successful start working towards your good today. Mistakes will come but they will make you stronger and wisher self-improvement is not a theory, It is a habit of consistent actions. Your personality grows when you believe in yourself, other will believe in you too, and success will follow naturally, self confidence is the foundation of every achievement.

Nikita
B-A- 1st year
Roll no. 05015

A Changing Earth

Once the world was dressed in shades of green
Pure was the air and bright the unseen.
Rivers flowed clear, the skies were blue,
Nature smiled in every here.
But in the race for endless gain,
We brought the forests down in pain,
Smoke now darkens the open sky,
And silent sickness passes by.
The heat grows harsh, the seasons stray,
The rains no longer fall their way.
Balance fades by human hand,
We harm the fate of our own land.
If we still choose to turn away,
A darker future will come one day.
So let us heal what we have torn,
And gift a greener world reborn.

Sneha Sharma
B-A- 2nd year
Roll No-24/POL/06641

हिन्दी अनुभाग

रेखा शर्मा
अध्यापक सम्पादिका



ललिता
छात्र सम्पादिका

क्रमांक	विषय	पेज नं.
1.	ऋतुराज बसंत	23
2.	मन की कश्मकश	24
3.	नारी अब महाकाली	25
4.	पिता को खो दिया	26
5.	तोपे का टीला	27
6.	पातालेश्वर महादेव मंदिर	28
7.	बाबा भूरेशाह (आस्था और सद्भाव का प्रतीक)	29
8.	गुरू गोबिंद सिंह जी गुरूद्वारा पांवटा साहिब	30
9.	गुरूद्वारा श्री तीरगढ़ी साहिब	31
10.	बाबा गरीब नाथ जी	32
11.	माता भंगायणी की गाथा	33
12.	महासू देवता	34
13.	झूठ की दुनियां	35
14.	‘‘अधूरा सपना’’	36-38
15.	‘‘अधूरा सपना’’	39-40
16.	‘‘अधूरा सपना’’	41-43

ऋतुराज बसंत

बसंत का मौसम पतझड़ लेकर आया
रंग बिरंगी माया कोई न समझ पाया
पानी बीत गया खेत खलिहान सुख गए
पेड़ कट गए बसंत का मौसम आया ।

चारो तरफ हरियाली हो रही
पतझड मौसम दिख रहा
बसंत का सुहाना मौसम खिल रहा
अब बसतं सिर्फ नाम का रहा।

प्यार और प्रेम की भावना नष्ट हो गई
आज की दुनिया बदल गई
पेड पौधों में हरियाली नहीं होती है
समय पर वर्षा नहीं होती है।

प्रकृति अपना रूप दिखाती है
समय परिवर्तन होता है
मानव मानव का नही रह रहा
दुनिया बदल चुकी है।

बसंत भी बदल चुका
खेती में पहले जैसी हरियाली नही
होती खाद बीज से फसले नहीं होती
पानी का भी मिठास बिगाड़ चुका।


पानी भी पाताल में जा चुका
सुख गई नदी और तालाब नहीं रहा
पतझड पहले जैसा बसंत सुख गए
खेत और खलिहान पेड पौधे नहीं रहे ।



नजमा
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 6526

मन की कश्मकश

बैठी हूँ छत की छोर पर, सोचती हूं,
ये जिंदगी ले जाएगी किस मोड पर ?
कि जो सपने देख लिए है,
खुद को सबसे दूर कर दिए है
क्या वो मिल पाएगा?
ये जो रास्ता है संघर्ष का,
क्या मंजिल तक ले जाएगा ?
मानो ये मन जो सपने देख रहा है,
ये बहुतों का त्याग मांग रहा है,
त्याग मनमोजी का,
त्याग जवानी का,
त्याग अपनो का ।
फिर मन है कि त्याग भी दूँ
पर डर है,
डर है, कि छुट न जाऊ किसी मोड पर,
और अगर फिर भी न मिली मंजिल
सब कुछ छोडने पर?
फिर एक विश्वास सा भी जाग उठता है मन मे,
जो कहता है,
शायद मंजिल दूर हो अभी,
पर रास्ता गलत नही और क्या पता,
एक दिन यही सफर मुस्कराहट बन लौटे
और शायद तब मैं कहूँ :–
''कि डर तो था,
पर हिम्मत उससे थोडी ज्यादा थी।''



चंचल पुण्डीर
कक्षा एम.ए. द्वितीय वर्ष

नारी अब महाकाली

अपने सपनो को लेकर जब वह आगे बढ़ना चाहती
क्षण में ही नोच कर दुनिया उसे डराती ।

रीस की इस चक्की में
देखो बेटियाँ ही है क्यों पिस जाती ।

जिस माँ के गोद में पली
उसी से कुछ पल में वह दूर हो जाती ।

नारा कैसा ये दुनिया का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
जब चंद मिनटो में बेटियाँ शिकार हो जाती ।

खामोश है ये दुनिया क्यों बैठी देखो अब दुनिया वालो
नारी कैसे महाकाली बन जाती ।

कौन है जीयेगा फिर जब जन्म देने वाली नारी
मृत्यु देने वाली बन जाती ।

अब मोमबत्ती नहीं तलवारे हाथों में होंगी
देखो तुम अब यह आखिरी प्रलय कैसी होगी ।



करीना चौहान
कक्षा बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं. 6586

पिता को खो दिया

जिदंगी तो मेरी कट रही है, आपके बाद भी
मगर आप के बिन जीने में वो बात नहीं ।

ऊपर से तो सब मेरे अपने ही अपने है,
मगर आपकी तरह अंदर से कोई मेरे साथ नहीं ।

ख्याल सब रखते है मेरा अपने तरीके से अच्छी तरह
मगर आपसे जिद करने का मजा कोई दे पाता नहीं ।

लडाईयां तो अब भी होती है घर में मेरे
मगर आपसे वो मीठा–2 लड़ने का मजा कोई दे पाता नही ।

मैं आज भी शाम को दरवाजे पर नजर टिकाएं रहती हूँ
आयेंगे अभी बाबा चॉकलेट व तोहफे ले कर
मैं अपने आप से बार–2 कहती हूँ।



मगर जब देखती हूँ आस पास नही होते आप
तब सच जानिए आपके बच्चे
छिप–2 के अकेले में बहुत रोते।

कोई भूल थी अगर मेरी तो एक दफा कहते मुझे
ऐसे अकेला छोड जाना कोई अच्छी बात नहीं ।

साक्षी तोमर
कला स्नातक तृतीय वर्ष
अनुक्रमांक 2308051

तोपे का टीला

हिमाचल प्रदेश स्थित सिरमौर जिले के रेणुका क्षेत्र के समीप लगते एक चोटी जिसका नाम तोपे का टीला है। यह एक धार्मिक और आध्यात्मिक स्थान है। साथ–साथ यह अत्यंत पवित्र और पौराणिक स्थल है। कहते हैं, कि यह स्थान सप्तऋषियों में से एक महर्षि जमदग्नि जी व माता रेणुका का है। यहा पर वह निवास करते थे। इसका नाम तोपे का टीला भी इसलिए पड़ा क्योंकि तपे अर्थात् तप। तपस्या व टिब्बा अर्थात पर्वत/शिखर/चौटी। माता रेणुका जी अपने सतीत्व व शुद्धता के लिए जानी जाती हैं। कहा जाता है, कि उनके तप के कारण रेत के कच्चे घड़े में भी पानी भरकर आश्रम तक लाया जाता था व घड़ा कभी फुटता नहीं था। परंतु एक बार वह जब घड़ा भरले जाते है तो किसी कारणवश उनका मन व्याकुल हो उठता है और उनका रेत से बना घड़ा टूट जाता हैं इससे भगवान जमदग्नि ऋषि क्रोधित हो जाते हैं व अपने सभी पुत्रों से कहते हैं कि अपनी माँ का वध कर दें। परंतु पहले कोई कहता है हमसे अपनी माँ का वध नहीं किया जाएगा पर परशुराम पितृ आज्ञाकारी बन माँ का वध कर देते हैं। इससे प्रसन्न होकर महर्षि जमदग्नि उन्हें कहते है कोई भी वरदान मांगो तो वह अपनी माँ को पुनः जीवित करने को कहते हैं इससे उनका मातृ–पितृ दोनों फर्ज पुरा हुआ ।

तोपे का टीला एक अत्यंत मनमोहक स्थान है। यहां जाने पर मन को असीम शांति मिलती हैं चारों तरफ पहाड़ ही पहाड़, सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थान हैं। कहते है, कि आज भी यहां पर देवी– देवताओं का आभास होता है व इस टिब्बे से प्राकृतिक झील रेणुका के भी दर्शन होते है। जो कि मानो किसी स्त्री के सोने के उपरांत के आकार जैसी हैं। यह अत्यंत सौन्दर्य से परिपूर्ण स्थान हैं।

मानबी
एम.ए.चतुर्थ सत्र
240411940006 (15005)




पातालेश्वर महादेव मंदिर

यह मंदिर हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के तहसील पांवटा साहिब के एक छोटे से गांव पातलियों में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यह मंदिर बहुत प्राचीन माना जाता है। इसकी उम्र सैंकड़ो साल पुरानी मानी जाती है। मंदिर की ऐसी मान्यता है कि यह पाताल से निकला है। तभी इस मंदिर का नाम पातालेश्वर महादेव पड़ा है।

इस मंदिर का इतिहास :

पातालेश्वर महादेव के बारे में कहा जाता है कि यहां पर पांडवों ने भी काफी समय बिताया है इसके साथ द्वापर युग में योग शास्त्र के महर्षि पतंजलि महाराज ने इस स्थान पर भगवान शंकर जी की घोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने महर्षि को वरदान दिया कि इस स्थान पर ऐसे विशाल दिव्य आलौकिक रूप सदा–सदा के लिए प्रकट होगी, जो की दूर–दूर तक कहीं ने हो, ताकि इस स्थान पर शिव भक्ति में डुबे भक्त निरंतर चलते रहे, जन–जन का भला हो। मंदिर के पुजारी का कहना है कि यहाँ पर भगवान शिव के दर्शन करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यहां पर भगवान शिव की पूजा शिवलिंग के रूप में होती है। इस गांव के नाम की मान्यता है कि महर्षि पतंजलि की तपोभूमि होने के कारण इस गांव का नाम पातलियों पड़ा। यहां पर महाशिवरात्री के दिन बहुत बड़ा मेला लगता है और अप्रैल में विशाल जागरण होता है।



हिमानी देवी
एम.ए.चतुर्थ सत्र
रोल नं. 15013

बाबा भूरेशाह (आस्था और सद्भाव का प्रतीक)

उत्तराखंड के देहरादून जिले के अंतर्गत स्थित कुल्हाल क्षेत्र में बाबा भूरेशाह की दरगाह एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जो श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केन्द्र है। यह स्थान न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए, बल्कि सभी धर्मो के लोगों के लिए समान रूप से पूजनीय है यहाँ हर वर्ष हजारों लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर आते है और बाबा से आशीर्वाद प्राप्त करते है। बाबा भूरेशाह को एक महान, सूफी संत माना जाता है जिन्होंने अपन जीवन में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। उनके उपदेशों में मानवता को सबसे उपर रखा गया है यही कारण है कि उनकी उनकी दरगाह पर किसी भी धर्म, जाति या वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के आते है और श्रद्धा से सिर झुकाते हैं। कुल्हाल में स्थित यह दरगाह यमुना नदी के पास एक शांत और प्राकृतिक वातावरण में स्थित हैं। जो यहाँ आने वाले लोगो को मानसिक शांति प्रदान करती है। दरगाह में हर समय भक्तों की भीड़ लगी रहती है खासकर गुरुवार और उर्स के समय भीड़ देखने को मिलती है। उर्स का आयोजन बाबा भूरेशाह की पुण्यतिथि के अवसर पर किया जाता है जिसगे दूर–दूर से लोग शामिल होते हैं। इस दौरान कव्वाली, चादर चढ़ाना और विशेष दुआओ का आयोजन किया जाता है, यह उत्सव धार्मिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि बाबा भूरेशाह सच्चे दिल से मांगी गई हर मुराद पूरी करते है। इसलिए यहां आने वाले श्रृद्धालु पूरी श्रृद्धा और विश्वास के साथ अपनी इच्छाएं व्यक्त करते हैं। दरगाह में चादर चढ़ाना, अगरबत्ती जलाना और फातिहा पढ़ना आम प्रथाएं है। बाबा भूरेशाह दरगाह न केवल एक धार्मिक स्थल है बल्कि यह मानवता, प्रेम और सद्भाव का जीवंत प्रतीक भी है। यह स्थान हमें सिखाता है सच्ची भक्ति किसी एक धर्म तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह सभी के दिलो को जोड़ने का माध्यम बनती है। इस प्रकार कुल्हाल (देहरादून) में स्थित बाबा भूरेशाह की दरगाह आज भी भी लोगों के लिए आस्था, विश्वास और एकता का केन्द्र बनी हुई है।

रहनुमा
एम.ए. हिन्दी चतुर्थ सत्र
रोल नं. 15001



गुरू गोबिंद सिंह जी गुरूद्धारा पांवटा साहिब

यह स्थान गुरुद्वारा पांवटा साहिब भारत के हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित एक अत्यंत पवित्र और एतिहासिक धार्मिक स्थल है। यह गुरुद्वारा यमुना नदी के तट पर स्थित है और सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी से गहराई से जुडा हुआ यह स्थान न केवल सिखों के लिए, बल्कि सभी धर्मो के लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। गुरुद्वारा पावंटां साहिब का इतिहास 1685 ईस्वी से जुड़ा हुआ है। जब गुरु गोबिंद सिंह जी यहाँ आए और कुछ वर्षों तक निवास किया। कहा जाता है कि इस स्थान का नाम 'पावटा' इसलिए पड़ा क्योंकि यहाँ गुरु जी ने पहली बार अपने चरण (पांव) रखे थे । गुरु गोबिंद सिंह जी ने यहाँ लगभग सोढ़े चार वर्ष बिताए, जो उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण समय था। इसी दौरान उन्होंने कई धार्मिक ग्रंथों की रचना की, जिनमें प्रमुख रूप से दसम ग्रंथ का लेखन यही हुआ। यह गुरूद्वारा सिख धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र है क्योंकि यह गुरु गोबिंद सिंह जी की तपस्थली और कर्मभूमि रहा है। यहां आज भी गुरु जी से संबधित कई ऐतिहासिक वस्तुएँ उनके हथियार और लेखन सामग्री, संग्रहालय में रखी गई है। गुरूद्वारे में प्रतिदिन लंगर (मुक्त भोजन) की व्यवस्था होती है, जहां सभी लोग बिना किसी भेदभाव के भोजन ग्रहण करते है। यह सेवा और समानता का प्रतीक है। गुरुद्वारा परिसर में कई महत्वपूर्ण स्थल है. जैसेः–

श्री तालाब स्थान

श्री दस्तार स्थान

ये स्थान गुरू जी के जीवन की घटनाओं से जुड़े हुए है और श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखते है। इसके अलावा, यहाँ के आसपास अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे भी स्थित है, जैसे **तीरगढ़ साहिब** और **भंगानी साहिब,** जो सिख इतिहास से जुड़े है। पावटां साहिब का साफ स्वच्छ वातावरण अत्यत शांत और सुंदर है। यमुना नदी के किनारे स्थित यह स्थान हरियाली, पहाडों और स्वच्छ वातावरण से घिरा हुआ है, जो इसे एक आदर्श तीर्थ स्थल बनाता है। गुरुद्वारा श्री पांवटा साहिब केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता का संगम है। गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाएं आज भी यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को प्रेरणा देती है। यह स्थान हमे सेवा, त्याग, समानता और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। इस प्रकार गुरुद्वारा पावंटा साहिब हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहाँ हर वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते है और आत्मिक शांति प्राप्त करते है।

मेघा रोहिला

रोल न. 15012



गुरूद्धारा श्री तीरगढ़ी साहिब

गुरुद्वारा श्री तीखगढ़ साहिब, भांगनी हिमाचल नाहन औ पांवटा साहिब के बीच में स्थित एक बहुत ही शांत और एंतिहासिक स्थान है। यह गुरुद्वारा यमुना नदी के किनारे बसे गाँव भंगानी स्थित है। यह जगह धार्मिक रूप से पवित्र है, बल्कि सिख इतिहास युद्ध के एक बहुत बड़े युद्ध की याद दिलाती है। जिसे ''भंगानी का युद्ध'' कहा जाता है।

इस गुरुद्वारे का नाम 'तीरंगढ़ साहिब' इसलिए पड़ा क्योंकि यहाँ दसवें सिख गुरु गोबिन्द सिंह जी ने अपने युद्ध के दौरान तीरगढ़ या कमांड पोस्ट बनाया था। ऊँचे टीले पर खड़े होकर गुरु जी उनके सिख तीर चलाकर दुश्मनों पर निशाना लगाते थे। नीचे यमुना के किनारे ही गुरूद्वारा भंगानी साहिब भी बना है। जहां उन शूरवीर सिखों की याद की जाती है। जिन्होने इस युद्ध में अपनी जान बलिदान कर दी। हर साल बैसाख के समय यहाँ बड़ा मैला और समागम लगता है। लोग यहाँ आते है और लंगर में बैठकर एक–दूसरे के साथ भोजन करते है। इस अवसर पर गुरु जी और उन शहीद सिखों के बारे में कहानियों सुनाई जाती है। जिन्होने अन्याय और अधर्म के खिलाफ खड़े होकर अपनी वीरता दिखाई। सिर्फ एक आराधना तीरगढ़ साहिब स्थल नहीं, बल्कि इतिहास और प्रेरणा का भी केन्द्र बन जाता है।

भंगानी का युद्ध गुरु गोबिन्द सिंह जी का पहला युद्ध था। जब पांवटा साहिब में रहते थे, तो उनकी शक्ति और लोगों का विश्वास इतना बढ़ गया कि पास पड़ोस के कुछ पहाड़ी राजाओं को डर लगाने लगा था। खास तौर पर भीम चन्द जैसे राजाओं ने गुरु जी के खिलाफ गठजोड़ बनाया और बड़ी राजपूत सेना से हमला करने की योजना बनाई।

गुरु जी को को इस षड़यंत्र की खबर मिल गई। उन्होंने अपने सिखों को बुलाया और युद्ध की तैयारी की और युद्ध के लिए भंगानी टीलों का चयन किया। फिर गुरु जी ने ऊंचे टीले पर अपना तीरगढ़ बनाया और वहां खड़े होकर का युद्ध का नेतृत्व किया।

जब दुश्मन की सेना आई और उन्होने देखा सिखों/गुरु की सेना छोटी है हमइनको हरा देगे। परन्तु इतनी छोटी सेना ने राजपूत सेना को हरा दिया।

गुरुद्वारा तीरगढ़ साहिब से जुडी कहानी यह सन्देश देती है कि अन्याय और अधर्म के सामने चुप नहीं बैठना चाहिए। जब किसी के साथ गलत हो रहा हो, तो चाहे दुश्मन छोटा हो या बड़ा उसके लिए खड़े होना चाहिए। यह असली शक्ति है गुरू ने दिखाया है कि डर नहीं विश्वास और न्याय के लिए खड़े होना विश्वास ही सच्ची शूरवीरता है।



शालू
एम.ए. चौथा समेस्टर
(हिन्दी)
रोल नं. 15002

बाबा गरीब नाथ जी

परिचय – पाँवटा साहिब के शिवपुर में स्थित बाबा गरीब नाथ जी मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यहाँ बाबा गरीबनाथ जी को शिव रूप में पूजा जाता है। प्राकृतिक सुंदरता से घिरा यह मंदिर शांत और पवित्र वातावरण प्रदान करता है जिससे भक्तों को आध्यात्मिक शांति मिलती है।

धार्मिक महत्त्व – बाबा गरीबनाथ जी को 'गरीबों का नाथ' माना जाता है, जो अपने भक्तों की हर सच्ची मनोकामना पूरी करते हैं। इस मंदिर में विशेष रूप से सोमवार और सावन महीने में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होती है।

यहाँ भक्त जलाभिषेक, पूजा–अर्चना और विशेष प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना बाबा अवश्य स्वीकार करते हैं।

सावन और कांवड़ यात्रा – सावन का महीना इस मंदिर के लिए विशेष महत्त्व रखता है। इस दौरान कांवड़िए पवित्र नदियों से जल लाकर बाबा को अर्पित करते है। मंदिर परिसर 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठता है और पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

प्राकृतिक वातावरण – यह मंदिर पहाड़ियों और हरियाली के बीच स्थित है, जो इसकी सुंदरता को और बढ़ाता है। यहाँ आने वाले भक्त न केवल पूजा करते हैं, बल्कि प्रकृति की शांति और सुकून का भी अनुभव करते हैं।

सामाजिक महत्त्व – मंदिर में समय–समय पर भंड़ारे और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। यहां गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। जिससे समाज में सेवा और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।

निष्कर्ष – पाँवटा साहिब (शिवपुर) का बाबा गरीबनाथ मंदिर आस्था, शांति और भक्ति का अद्‌भुत संगम है। एक अन्य मान्यता के अनुसार शनिवार को स्त्रियां यहां पुत्र प्राप्ति की कामना हेतु स्नान करने दूर–दूर से आती है। यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि लोगों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है।

इस प्रकार यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थल है, यहां आकर हर व्यक्ति भगवान शिव की कृपा का अनुभव करता है।



अल्का
एम.ए. हिन्दी चतुर्थ सत्र
रोल नं. 15013

माता भंगायणी की गाथा

किसी समय की बात है कि एक भंगन यानी एक झाड़ू लगाने वाली सारे जगत का कल्याण करने वाली बन गई। जी हां यह गाथा है माता भंगायणी की जो कि हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के हरिपुरधार क्षेत्र में स्थित हैं।

एक बार चुड़ेश्वर श्री शिरगुल महाराज को दिल्ली के एक राजा ने छलसे, चमड़े की बेड़ियों में कैद कर दिया। उस राजा को यह ज्ञात था कि शिरगुल महाराज को बल से नहीं अपितु छल से चमड़े की बेड़ियों में कैद किया जा सकता है, और उसे यह भी मालूम था कि चमड़े से शिरगुल महाराज की सारी शक्तियां क्षीण हो जाती है।

कुछ समय बीतने के बाद एक रोज उस केदखाने में एक भंगन झाड़ू लगाने गई। शिरगुल ने भंगन सें कहा कि क्या तुम मेरी मदद कर सकती हो? भंगन ने शिरगुल महाराज की यह दशा देखकर उत्तर दिया, आप कौन है महाराज ? शिरगुल बोले में भी एक राजा हूँ तुम्हारे राजा ने मुझे छल से चमड़े की बेड़ियों में कैद किया है। चमडे की बेड़ियां होने से मेरी सारी शक्तियां क्षीण हो गई है । इसलिए तुम जाकर मेरे एक मित्र को बुलाओ, जो कि बागड़ देश के राज गोगा जाहरवीर है। अब सिर्फ वही मुझे इन बेडियों से मुक्त करवा सकते हैं।

उस भंगन ने तुरंत बागड़ देश के राजा तक संदेश पहुंचाया, गोगा राणा जी ने यह संदेश सुना, तो वह तुरंत दिल्ली रवाना हो गए। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने पाया कि, शिरगुल महाराज तो चमड़े की बेडियों में कैद है उसी समय गोगा जी ने सारी बेड़िया अपने मुंह से काट दी और शिरगुल महाराज को मुक्त करवा दिया। मुक्त होने होने के बाद शिरगुल महाराज ने गोगा राणा जी का धन्यवाद किया और इस भंगन को अपने साथ चलने का आश्वासन दिया। भंगन बोली में आपके साथ जाकर क्या करूंगी ? शिरगुल महाराज ने उत्तर दिया कि तुमने मेरी मदद की है, इसलिए में तुम्हें अपनी बहन मानता हूँ और समय आने पर तुम्हें सारा उद्देश्य समझ आ जाएगा। शिरगुल महाराज ने हिमाचल की एक चोटी पर उस भंगन से कहा मैं तुम्हें वरदान देता हूँ कि अब से तुम, लोगों की रक्षा और इच्छाओं को पूरा करोगी? लोग माता 'भंगायणी'' के नाम से तुम्हारी पूजा करेंगे।

उस समय से माता भंगायणी की महिमा हिमाचल, नहीं बल्कि सारे जगत में विख्यात है और जो कोई माता के दरबार में इच्छा लेकर जाता है, माता स्वयं उसकी मनोकामना को पूरा करती है।

आइए हम सभी माता को नमन करे और माता की कृपा ग्रहण करें।

''जय माता दी ''

शीतल

एम.ए. चतुर्थ सत्र

रोल नं. 15004

महासू देवता

महासू देवता उत्तराखंड (जौनसार बावर) और हिमाचल के प्रसिद्ध न्याय के देवता है। जो भगवान शिव के रूप माने जाते है। यह चार भाइयो वासिक, पवासिक, बुठिया, चालदा का समूह है। पौराणिक कथा के अनुसार, हुना भाट नामक ब्राह्मण की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्होने किरमिक राक्षस का वध किया और टॉन्स घाटी को आतंक से मुक्त कराया। चाल्दा महासू को चलते देवता कहा जाता है जो वर्ष भर में भ्रमण करते है। और न्याय करते हैं। और इस मंदिर का निर्माण नवी सदी में हुआ माना जाता है। देवभूमि की गोद में महासू देवता के प्रसिद्ध मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। यहां सच्चे मन से ध्यान केंद्रित करके किसी भी चीज की इच्छा कीजिए वो पूरी हो जाती है और यह मंदिर महासू देवता का जिनके दर से कोई खाली नही लौटता हनोल स्थित मुख्य मंदिर पांडवो द्वारा निर्मित माना जाता है। जहा से वे शिव की खोज में थे। हिमाचल प्रदेश के सोलन, शिमला और सिरमौर जुब्बल तक महासू देवता की पूजा की जाती है। इसका मुख्य मंदिर टोंस नदी के पूर्वी तट पर चकराता के पास हनोल गांव में स्थित है। जो कि त्युणी–मोरी मोटर मार्ग पर पड़ता है। हनोल शब्द की उत्पति यहां के एक ब्राह्मण हूणा भाट के नाम से मानी जाती है। यह खूबसूरत मंदिर देहरादून से 190 किमी की दूरी पर मशहूर पर्यटक स्थल चकराता के पास हनोल गांव में टोंस नदी के पूर्वी तट पर मौजूद है। इस मंदिर की न्यायालय के रुप माना जाता है।

इतिहास में पहली बार टोंस नदी पार कर सिरमौर पहुचे चालदा महासू देवता और हिमाचल में प्रवेश के साथ ही भक्तो का सैलाब पड़ा और पहला द्राबिल में पड़ा जहां दो देवताओ को मिलन हुआ और पहली बार महासू देवता हिमाचल में पधारे महास देवता को छत्रधारी महाराज कहा जाता है। उत्तराखंड की भूमि से उठी पालकी को अब पशमी में लाया गया। पशमी में चाल्दा महासू महाराज का आगमन आज से नही बल्कि 5 वर्ष पहले ही हुआ था। 2022 के लोकडाउन के दौरान उत्तराखंड के जौनसार क्षेत्र के दसऊ गांव से एक विशाल बकरा अचानक पशमी पहुंच गया था। दो वर्षो के बाद यह सिद्ध हुआ कि यह कोई साधारण बकरा नही बल्कि चालदा महासू महाराज का देव चिन्ह है। देवता अपने प्रवास से वर्षों पहले ऐसे संकेत भेजते है और अब चालदा महासू भी हिमाचल आ गए।

हिमाचल में आते ही भक्तो की भीड लग गई उत्तराखंड के जौनसार बावर क्षेत्र से चली 70 किमी की देव यात्रा जैसी ही हिमाचल की सीमा द्राबिल पहुची। चारों और से महासू महाराज की जय गुंज उठी और पहली बार देवता छत्रधारी महासू महाराज हिमाचल की धरती पर पधारें।

ललिता
एस.ए. चतुर्थ श्रेणी
रोल नं. 15010

झूठ की दुनियां

सच और झूठ का फर्क मिट गया,
AI के दौर में सब सिमट गया
चेहरे, आवाज, सब बनावटी हो गए,
सच भी अब जैसे दिखावटी हो गए।

हर तस्वीर पर अब शक होता है,
क्या असली है, कौन बताता है?
एक क्लिक में सच बदल जाता है,
झूठ भी सच बनकर फैल जाता है।

सोचो, जब सच ही पहचान न पाए,
तो इंसान किस पर विश्वास जताए?
AI की इस अंधी रफ्तार में कहीं,
हम खुद को ही खो न दें यहीं।

स्नेहा शर्मा
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं. 24/POL/06641

हिन्दी कहानी प्रतियोगिता में पुरस्कृत कहानियाँ

''अधूरा सपना''

एक छोटे से कस्बे की रहने वाली प्रिया ने बचपन से ही बड़े सपने देखे थे । उसके घर की खिड़की से जब जब वह दूर तक फैले खेतों और पहाड़ों को निहारती, तो उसके मन में एक ही ख्वाहिश जगती – ''मैं इस सीमित दायरे से बाहर निलिकर एक बड़े शहर में अपनी पहचान बनाऊँगी ।'' उसके पिता एक साधारण दुकानदार थे और माँ गृहिणी । परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी, लेकिन प्रिया का हौसला कभी कम नहीं हुआ । वह पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहीं । स्कूल के टीचर उसकी लगन और अनुशासन की मिसाल देते । कॉलेज तक पहुँचते–2 उसने अपने अन्दर यह विश्वास जमा लिया था कि मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता ह । उसके लिए सबसे बड़ा सपना था–किसी बड़ी, प्रतिष्ठित कम्पनी में नौकरी पाना ।

कई सालों की मेहनत और संघर्ष के बाद आखिरकार वह दिन भी आया जब प्रिया को एक नामी मल्टीनेशनल कम्पनी में नाकरी मिल गई । परिवार में खुशी का ठिकाना न रहा । माँ की आँखों में आँसू थे, पिता गर्व से भर गए थे । लेकिन खुशी के साथ एक डर भी था–क्या प्रिया नए शहर के माहौल में अपने आप को ढ़ाल पाएगी ? प्रिया जब नए शहर में पुहँची तो सब कुछ उसके लिए नया था । – चमचमाती ऊँची – ऊँची इमारतें, तेज रफ्तार जिंदगी, हर चेहरा प्यासा और सपनों के बोझ में दबा हुआ । शुरूआत में तो उसे बहुत अच्छा लगा । उसे लगा कि अब उसका सपना पूरा होने वाला है । लेकिन जैसे–जैसे दिन बीते, उसे अहसास हुआ कि सफलता की राह इतनी आसान नहीं है जितनी उसने सोची थी । कंपनी में प्रतियोगिता बहुत कड़ी थी । हर कोई एक दूसरे से आगे बढ़ने की कोशिश में लगा था । काम का दबाव इतना कि कई बार रात–रात भर जागकर प्रोजेक्ट पूरे करने पड़ते । प्रिया ने भी हिम्मत नहीं हारी । उसने ठान लिया था कि चाहे जितनी मेहनत करनी पड़े वह पीछे नहीं हटेगी । कुछ महीनों बाद कम्पनी में एक नया प्रोजेक्ट आया । मैनेजमेंट ने पूरी टीम में से चुनिंदा लोगों को ही इसमें शामिल किया । जब प्रिया का नाम इस प्रोजेक्ट में चुना गया, तो वह बड़ी उत्साहित हो गई यह उसके कैरियर के लिए एक सुनहरा अवसर था । लेकिन वह प्रोजेक्ट आसान नहीं था । इसमें नए अईडिया, ताजा सोच और समय पर डिलीवरी की जरूरत थी । प्रिया जानती थी कि अगर उसने इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया, तो कंपनी में उसकी पहचान और भी मजबूत हो जाएगी । इसलिए उसने पूरी ताकत झोंक दी । दिन–रात मेहनत करते हुए खूद का भूलने लगी । ऑफिस में देर तक रूकना, घर लौटकर भी लैपटॉप पर काम करना, मीटिंग्स और प्रजेन्टेशन्स–ये सब उसकी दिनचर्या का हिस्सा बन गए । लेकिन इस सफर में एक चीज उसे बहुत खलती थी–अकेलापन । नए शहर में उसके कोई दोस्त नहीं थे । ऑफिस में लोग जरूर बात करते थे, लेकिन सब अपने–अपने लक्ष्य में इतने उलझे हुए थे कि किसी के पास दिल से जुड़ने का समय नहीं था । कभी–कभी वह जब देर रात ऑफिस से लौटती, तो अपने छोटे से किराए के कमरे की खिड़की से बाहर देखती और सोचती–::क्या यही है वो सपना जिसके लिए मैंने इतनी मेहनत की ? अगर हाँ, तो क्यों यह सपना इतना अधूरा और खाली–खाली लगता है । एक दिन जब वह ऑफिस में प्रोजेक्ट की फाइलें देख रही थी, तभी कंपनी ने एक नए केसल्टेंट टीम में शामिल किया । वह व्यक्ति बाहर से आया था और उसकी मिज्जेदारी थी टीम को नए प्रोजेक्ट में गाइड करना । जब पहली बार प्रिया ने उस व्यक्ति को देखा, तो उसे एहसास हुआ कि यह इंसान कुछ अलग है । उसकी आँखों में आत्मविश्वास था और चेहरे पर शांति । शुरूआत में प्रिया ने उसे बउ औपचारिक तौर पर देखा–सुना, लेकिन धीरे–धीरे उसके शब्दों और काम करने के तरीके ने प्रिया को प्रभावित करना शुरू कर दिया । अभय टीम से ऐसे जुड़त कि सबको लगे जैसे वह अपना पुराना साथी हो । उसके विचार नए थे और उसकी सोच व्यवहारिक । प्रिया को लगा जैसे उसकी कठिन राह में कोई सहारा मिल गया हो । अभय के टीम में आने के बाद माहौल कुछ बदला सा लगने लगा । वह हर मीटिंग में नए आईडिया लेकर आता और मुश्किल कामों को आसान तरीके से समझाता । प्रिया ने गौर किया कि जहाँ बाकी लोग उसे केवल औपचारिक सलाहाकार मान रहे थे, वहीं अभय हर व्यक्ति की राय सुनने और समझने में विश्वास रखता था । एक दिन लंच ब्रैक में जब प्रिया अकेले बैठकर सैडविच खा रही थी, अभय एसके पास आ गया । ''आप प्रिया है ना श प्रोजेक्ट की कोर टीम में ?'' अभय ने मुस्कुराते हुए पूछा । ''हाँ'' प्रिया ने हल्की मुस्कान के साथ जवाब दिया । ''मैंने आपकी प्रजेन्टेशन देखी थी । आप काफी डिटेलिंग के साथ काम करती हैं । सच कहूँ तो आपकी मेहनत टीम के लिए बहुत मायने रखती है ।'' प्रिया को यह सुनकर अच्छा लगा । लोग अक्सा उसकी मेहनत को नोटिस नहीं करते थे । ''थैक्यू । बस कोशिश करती हूँ काम परफेक्ट हो ।'' यहीं से उनकी छोटी से बसतचीत शुरू हुई, जो धीरे–धीरे दोस्ती का रूप लेने लगी जैसे–जैसे दिन बीतते गए, प्रोजेक्ट की चुनौतियों और बढ़ती गई । कई बार डेडलाइन नजदीक आ जाती और टीम दबाव में आ जाती । ऐसे समय पर अभय का शांत स्वभाव और समाधान देने की क्षमता सबको संभाल लेती । एक रात जब प्रोजेक्ट का डेटा सर्वर पर अपलोड नहीं हो रहा था और पूरी टीम परेशान थी, तो अभय ने धैर्य से काम लिया और तकनीकी समस्या हल कर दी । प्रिया हैरान थी – जहाँ बाकी लोग घबराळअ में थे, वहाँ वह शांति से समाधान ढूंढ रहा था । धीरे–धीरे प्रिया ने महसूस किया कि अभय एक सहकर्मी नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद इन्सान है जिस पर वह निर्भर कर सकती है ।

नए शहर में प्रिया का सबसे बड़ा संघर्ष उसकर अकेलापन था । लेकिन अब अभय उसकी कजंदगी में दोस्त की तरह शामिल हो चुका था । काम से हटकर भी वे बातें करने लगे–कभी किताबों पर, कभी संगीत पर, कभी बचपन की यादों पर । एक दिन

ऑफिस खत्म होने के बाद अभय ने कहा, ''प्रिया, कभी लगता है कि हम सिर्फ काम के लिए जी रहे हैं ? जैसे जिंदगी का असली मजा कहीं पीछे छूट गसा हो ।'' प्रिया चुप हो गइ ं यही सवाल तो वह खुद से बार–बार पूछती थी । ''हाँ.....कई बार सोचती हूँ कि सपनो की दौड़ में पता नहीं मैं सच में खुश हूँ या नहीं ।'' ''शायद हम खुशियां खोजने से ज्यादा भाग्य बदलने में लगे रहते हैं ।'' अभय ने मुस्कुराते हुए कहा । उस दिन के प्रिया हो एहसास हुआ कि अभय उसके दिल की गहराइयों को सुझ सकता है । प्रोजेक्ट अब अंतिक चरण में पहुँच चुका था। टीम को अगले तीन हफ्तों में क्लाइंट कां प्रेजेंटेशन देनी थी । सबके लिए यह निर्णायक समय था । एक रात ऑफिस में देर तक काम करते हुए प्रिया और अभय अकेले रह गए । फाइलें और डेटा के ढेर में जब दोनों थक गए, तो अभय ने कहा, ''कभी सेाचा है प्रिया, अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो गया तो आपकी पहचान क्या होगी ।''

''शायद कंपनी में अच्छी पोजिशन मिल जाएगी लेकिन .....दिल से कहूँ तो मुझे लगता है अभी भी मेरा सपना अधूरा है।'' ''क्यों ? '' ''क्योंकि मेरा सपना सिर्फ नोकरी पाना नहीं था, बल्कि अपनी पहचान बनाना था। लोग मुझे सिर्फ एक कर्मचारी के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे इन्सान के रूप में याद रखे जो बदलाव लाए।'' ''तो फिर आपको सिर्फ एक प्राजेक्ट पर नहीं, बल्कि अपने विजन पर काम करना होगा। सपने पूरे करने के लिए हिम्मत चाहिए, और मुझे लगता है आप में वह हिम्मत है।'' प्रिया के दिल में जैसे नई रोशनी जागी। लेकिन जिंदगी दतनी आसान कहाँ होती है। प्रोजेक्ट के आखिरी हफ्ते में अचानक कंपनी के सर्वर में बड़ी कमी आ गई। महीने का डेटा खतरे में पड़ गया। पूरी टीम तनाव में थी। उस राम प्रिया की आंखों में नींद नहीं थी। उसने सोचा अगर यह प्रोजेक्ट फेल हो गया तो सब कुछ खत्म हो जाएगा। मेरी सारी मेहनत बेकार चली जाएगी।'' अभय ने हिम्मत दी। ''घबराइए मत। समस्याएँ हमेशा आती है, लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए। हम किमलकर इस पर काम करते हैं।–– दोनों ने मिलकर डेटा को रिकवर किया, और आखिरकार सब कुछ सही हो गया। टीम ने राहत की सांस ली। प्रिया जानती थी कि अगर अभय न होता, तो शायद वह टूट जाती।

प्रिया और अभय का रिश्ता सिर्फ सहकर्मी या दोस्त का नहीं था, बल्कि एक ऐसा बन्धन था जहाँ भरोसा, समझ और सम्मान था। प्रिया को लगा कि अब उसका अधूरा सपना धीरे–धीरे पूरा होने लगा है। अब उसके पास सिर्फ नौकरी और पहचान ही नहीं थी, बल्कि एक ऐसा साथी भी था जो उसके सफर में साथ चल रहा था। लेकिन उसे यह भी पता था कि जिन्दगी हमेशा असान नहीं होगी। नए सपनों, नए संघर्षों और नई चुनौतियों का समाना अभी बाकी था ।

आखिरकार वह दिन आ गया जिसका इन्तजार पूरी टीम कर रही थी। क्लाइंट के सामने प्रोजेक्ट की फाईनल प्रजेन्टेशन देनी थी। प्रिया और उसकी टीम के माथे पर पसीना था, लेकिन दिल में आत्मविश्वास थी था । प्रजेन्टेशन शुरू हुई । प्रिया ने पूरी तैयारी के साथ हर स्लाइड प्रस्तुत की। उसकी आवाज में दृढ़ता थी और नजरें आत्मविश्वास से भरी थीं । बीच–बीच में अभय भी तकनीकी पहलुओं को समझाता रहा। टीम के बाकी सदस्य भी योगदान दे रहे थे । जब प्रजेन्टेशन सात्म हुई तो कुड पल के लिए कमरे में सन्नाटा छा गया । फिर क्लाइंट की तरफ से जोरदार तालियां बजीं। ''ग्रट जॉब ! यह हमारी उम्मीद से कहीं बेहतर है।'' उस पल प्रिया को लगा कि उसकी मेहनत रंग लाई । वह सिर्फ एक कर्मचारी नहीं रही, बल्कि सबने उसे एक लीडर के रूप में देखा । इस सफलता के बाद प्रिया की पहचान कंपनी में अलग हो गई। उसे एक नए पद पर प्रमोशन मिला और आगे भी बड़ी–बड़ी जिम्मेदारियां सोप दी गईं ।

लेकिन उसके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि उसने आत्मविश्वास को फिर से पा लिया था। ऑफिस के लोग अब उसे केवल सहकर्मी नहीं, बल्कि प्रेरणा की तरह देखने लगे थे। कई जूनियर उससे सलाह लेने आने लगे थे । लेकिन इन सबके बीच प्रिया जानती थी कि उसकी ताकत सिर्फ उसकी मेहनत नहीं, बल्कि वह भरोसा और समर्थन भी था जो अभय ने उसे दिया। प्रोजेक्ट के बाद भी प्रिया और अभय का साथ बना रहा। वे अब सिर्फ ऑफिस तक सीमित नहीं रहे । कभी कॉफी पर लम्बी बातें, कभी वीकेंड पर शहर घूमने निकल जाते। एक बार प्रिया ने कहा–''तुम्हें पता है, अगर उस दिन तुमने मुझे हिम्मत न दी होती तो शायद में हार मान लेती ।'' अभय मुस्कुराया, ''और अगर तुम इतनी मेहनती न होती, तो मैं तुम्हें हिम्मत कैसे दे पाता ? जीत हमेशा उसी की होती है जो खुद पर विश्वास र,ाता है।'' धीरे–धीरे उनके बीच एक अनकहा रिश्ता बनने लगा। न तो वह खुलकी दोस्ती से आगे बढ़ा और न ही सिर्फ औपचारिकता में रहा। यह रिश्ता भरोसे और और समझ का था, जो हर दिन और गहरा होता गया। लेकिन प्रिया के मन में अभी भी एक खालीपन था। वह अक्सर सोचती–''क्या मैं सिर्फ एक कम्पनी में काम करने के लिए बनी हूँ ? क्या मेरा सपना सिर्फ प्रमोशन पाना था ? या मुझे कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे मेरी पहचान अलग हो ?''

एक दिन उसने अभय से अपनी बात साझा की। ''अभय,– मैं सोचती हूँ कि क्यों न मैं कुछ ऐसा करू जिससे गाँव – कस्बों से आने वाले लोगों को भी बड़े शहरों में अपने सपने पूरे करने का मौका मिले । मैंने खुद संघर्ष किया है, मैं चाहती हूँ कि दूसरों को वह संघर्ष न करना पड़े।'' अभय ने गंभरता से उसकी ओर देखा। ''यह बहुत बड़ा और खूबसूरत सपना है, प्रिया। लेकिन इसके लिए तुम्हें हिम्मत और धैर्य चाहिए। अगर तुम सच में यह चाहती हो, तो मैं तुम्हारे साथ हूँ।'' यह सुनकर प्रिया के दिल को जैसे नया आधार मिला। अब उसके जीवन का लक्ष्य सिर्फ नौकरी या प्रमोशन नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाना था। लेकिन जिंदगी की राह कभी सीधी नहीं होती। सबकुछ ठीक चल रहा था कि अचानक अभय को कम्पनी से बाहर जाना पड़ा। उसे किसी दूसरे शहर में नया प्रोजेक्ट लीड करने के लिए भेजा गया। विदाई के दिन प्रिया ने महसूस किया कि उसके लिए अभय सिर्फ एक दोस्त नहीं, बल्कि बहुत मायने रखने लगा था। लेकिन वह अपने जज्बात को शब्दों में नहीं ढ़ाल पाई। ''ख्याल रखना प्रिया । तुम्हें अभी बहुत कुछ करना है। और याद रखना–सपनो को अधूरा मत छोड़ना।'' –अभय ने कहा । प्रिया ने सिर हिलाया, लेकिन अब उसके दिन–रात खाली–खाली लगने लगे। उसे अहसास हुआ कि अभय ने उसकी जिन्दगी में ऐसा खालीपन भर दिया था जिसे अब कोई पूरा नहीं कर सकता।

अभय के जाने के बाद प्रिया का मन कई बार उदास हो जाता। ऑफिस में काम करती रही, प्रमोशन भी मिला, नए प्रोजेक्ट भी आए, लेकिन अंदर से एक खालीपन बना रहा। उसे बार–बार अभय की कही बात याद आती–

''सपनों को अधूरा मत छोड़ना।''

इसी सोच के साथ प्रिया ने फैसला किया कि अब वह सिर्फ नौकरी करने वाली लड़की नहीं रहेगी, बल्कि कुछ ऐसा करेगी जिससे लोगों की जिन्दगी बदल सके। उसने अपने छोटे से फ्लैट में बैठकर योजनाएँ बनानी शुरू की। ''अगर मैं उन युवाओं के लिए एक प्लेटफार्म तैयार करूँ जो छोटे शहरों और गाँवों से आते हैं, तो उन्हें बड़े शहर में सपनों की राह आसान हो जाएगी।'' इस विचार ने उसे नई ऊर्जा दी । धीरे–2 उसने अपने कॉन्टैक्ट्स और बचत का इस्तेमाल कर एक स्टार्ट–अप शुरू किया। नाम रखा– ''सपनों की उड़ान।'' शुरूआत आसान नहीं थी । पसे की कमी, अनुभव की कमी और समाज की शंका– सब उसके रास्ते में खड़े थे कई बार लोग कहते, ''प्रिया, ये सब करना आसान नहीं है। अपनी नौकरी पर ध्यान दो, यही बहुत है।'' लेकिन प्रिया ने हार नहीं मानी। वह जानती थी कि सपनों को साकार करना है, तो रास्ते की मुश्किलों से डरना नहीं चाहिए। उसने छोटे–छोटे स्टेप्स लिए। सबसे पहले उसे एक ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया, जिसमें वह ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को इंटरव्यू स्किल्स, कम्युनिकेशन और पर्सनालिटी डेवलपमेंट सिखाने लगी। धीरे–धीरे उसके प्रयास रंग लाने लगे। इसी दौरान अचानक एक दिन एक ईमेल आया। भेजने वाले का नाम देखकर उसकर दिल धड़क उठा–अभय। ईमेल में लिखा था– ''प्रिया, सुना है तुमने 'सपनों की उड़ान' नाम का एक प्लेटफार्म तैयार किया है। गर्च है तुम पर। क्या मैं भी तुम्हारे साथ जुड़ सकता हूँ ? प्रिया की आंखे चमक उठी। इतने दिनों बाद अभय की कोई खबर मिली थी। उसने तुरंत जवाब दिया' '' हाँ जरूर। यह सपना अब अधूरा नहीं रहना चाहिए। तुम्हारा साथ मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत होगा।'' कुछ हफ्तों बाद अभय वापस आया। दोनों ने मिलकर उस संस्था को और मजबूत किया। धीरे–धीरे ''सपनों की उड़ान'' हजारों युवाओं के लिए उम्मीद का सहरा बन गई। छोटे कस्बों और गांवों से आने वाले बच्चे अब बड़े शहरों में आत्मविश्वास के साथ कदम रखने लगे। एक दिन एक छात्र ने प्रिया से कहा, ''मैडम, अगा आप न होती तो शायद मैं इस इंन्टरव्यू तक नहीं पहुंच पाता । आपने सिर्फ हमें पढ़ाया नहीं, बल्कि जीना सिखाया है।'' यह सुनकर प्रिया की आंखों में आँसू आ गए। उसे लगा कि उसका सपना अब अधूरा नहीं, बल्कि पूरा हो रहा है। प्रिया ने महसूस किया कि कभी–कभी अधूरा सपना ही इंसान को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अगर आपके जीवन में खालीपन और संघर्ष न होता, तो शायद वह यह सपना या इस मुकाम तक न पहुँच पाती । अभय ने एक बार उससे कहा, ''देखो प्रिया, तुम्हारा सपना अधूरा नहीं था। वो तो अधूरा इसलिए लगा क्योंकि उसका असली मकसद तुमने अभी तक खोजा नहीं था। अब जब तुमने दूसरों की जिन्दगी बदलनी शुरू की है, तभी वह सपना पूरा हुआ है।''

प्रिया मुस्कुराई। ''सही कहते हो, अभय। सपनों का मतलब सिर्फ खुद के लिए जीना नहीं, बल्कि दूसरों को भी जीने की राह देना है। ''

सालों बाद जब प्रिया अपने छोटे से कस्बे में गई, तो लोग उसे सममान की नजरों से देखने लगे। वह सिर्फ शहर की सफल लड़की नहीं थी, बल्कि एक मिसाल बन चुकी थी। उसने अपने गाँवे के बच्चों को देखा और सोचा ''आज मेरा सपना अधूरा नहीं रहा। यह सफर सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सगका है जिनके लिए मैंने यह राह बनाई है।'' उसकी आँखों में गर्व था, होठों पर मुस्कान और दिल में यह यकीन कि–

''अधूरा सपना ही कभी–कभी सबसे खूबसूरत सपनों को जन्म देता है ।''

नाम बिनीता
कक्षा – बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष,
अनुक्रमांक–2241940014

हिन्दी कहानी प्रतियोगिता में पुरस्कृत कहानियाँ

''अधूरा सपना''

एक छोटे से कस्बे की रहने वाली प्रिया ने हमेशा एक बड़े शहर में अपनी पहचान बनाने का सपना देखा था। उसने कड़ी मेहनत की और एक प्रतिष्ठित कम्पनी में नौकरी पाने में सफल रही। लेकिन जब वह अपने नए शहर में पहुँची, तो उसे एहसास हुआ कि सफलता की राह इतनी आसान नहीं है जितनी उसने सोची थी। एक दिन प्रिया को अपने ऑफिस में एक नए प्रोजेक्ट के लिए चुना गया। वह इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए कड़ह मेहनत कर रही थी, लेकिन तभी एक अनजान व्यक्ति ने उसकी जिंदगी में दस्तक दी। इस अनजान व्यक्ति का नाम अभिमन्यु होता है । अभिमन्यु एक 30 साल का सरल, सुलझा हुआ और शांत स्वभाव का व्यक्ति होता है। अभिमन्यु और प्रिया की मुलाकात कंपनी मीटिंग के दौरान होती है। जहां पर प्रिया के बॉस उसे अभिमन्यु से मिलवाते हैं। वह कहते हैं–

''देखो प्रिया यह अभिमन्यु है, इन्होने कुछ समय पहले ही हमारी कंपनी ज्वांइन की है ।''

इसके बाद प्रिया और अभिमन्यु हाथ मिलाकर एक दूसरे का अभिवादन करते हैं। प्रिया के बॉस कहते हैं ''अभिमन्यु तुम्हें पता है प्रिया एक बहुत ही होनहार लड़की है, और प्रिया तुम्हारा वह सस्टेनेबल प्लास्टिक प्रॉजेक्ट कैसा चल रहा है, क्या उसकी सार तैयारी हो चुकी है।

जिस पर प्रिया कहती है–

''जी हाँ सर, प्रोजेक्ट पूरा हो चुका है और उसे कल दिखाने के लिए मैं बहुत उत्सुक हूँ।

सर–''बहुत अच्छे, चलो फिर कल मिलते हैं।''

अगले दिन प्रिया अपनी प्रजेंटेशन के लिए ऑफिस में एक घ्टे पहले आ जाती है । इस प्रजेंटेशन को लेकर प्रिया बहुत उत्सुक होती है क्योंकि इस प्रोजेक्ट पर प्रिया कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रही होती है ।

बॉस और क्लाइन्ट्स के आ जाने के बाद प्रिया अपनी प्रजेंटेशन उनके समक्ष प्रस्तुत करती है जिसे देख वहां बैठे सभी लोग प्रिया से अत्याधिक प्रभावित होते हैं।

